आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जापान के यामानाशी प्रान्त में आयोजित 'उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट रोड शो' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में शासन की कार्य शैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया है, और यही परिवर्तन आज प्रदेश के तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योगपतियों एवं बिजनेस लीडर्स को प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही ग्रीन एनर्जी, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और अवसंरचना के क्षेत्रों में साझेदारी के लिए उनका आह्वान भी किया।

आज भारत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की एक नई ऊचाइयों को प्राप्त कर रहा है। हमने इसलिए उत्तर प्रदेश की नीतियों को रिएक्टिव की बजाए प्रोएक्टिव बनाया है, और उसके परिणाम हम सबके सामने है कि नौ वर्ष में हमने उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में वहां की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रान्त के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। इसके अंतर्गत प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। श्री योगी ने आज ही यामानाशी प्रान्त में बच्चों के साथ संवाद भी किया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर दस करोड़ फॉलोअर्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। एक रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 4 करोड़ 32 लाख फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के कुल फॉलोअर्स की संख्या पीएम मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। भारतीय नेताओं में भी श्री मोदी काफी आगे हैं। भारत में इस प्लेटफॉर्म पर दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जिनके लगभग 1 करोड़ 60 लाख फॉलोअर्स हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वाराणसी के भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री चौहान ने सब्जी की नवीनतम उत्पादन तकनीकों और अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शोध कार्यों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इससे पहले श्री चौहान ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीईआरटी की कक्षा आठवीं की उस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक अध्याय है। सर्वोच्च न्यायालय ने पुस्तक की सभी प्रतियों को जब्त करने के साथ–साथ इसके डिजिटल प्रारूपों को भी हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने केंद्र और राज्य प्रशासन को तत्काल अपने निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया है। साथ ही किसी भी रूप में निर्देशों का उल्लंघन करने पर गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

****

होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए विभिन्न रेलवे जोन में अठारह मार्च तक एक हजार दो सौ चौवालीस विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

रेल मंत्रालय के अनुसार ये होली स्पेशल ट्रेनें प्रमुख शहरों, राज्य की राजधानियों और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्रों को जोड़ेंगी। इन ट्रेनों में कन्फर्म सीट की व्यवस्था की गई है, जिसे नियमित ट्रेनों में भीड़ कम होगी और यात्रियों को राहत मिलेगी। इस दिशा में पूर्वीदृमध्य रेलवे सबसे ज्यादा होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, जिसकी संख्या 50 है, जो कुल 275 फेरे लागाएगी। वही, उत्तर रेलवे कुल 48 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा, जिनके 204 फेरे होंगे और मध्य रेलवे 20 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, जिनके 129 फेरे निर्धारित हैं। इसके अलावा पश्चिमी रेलवे ने 32 सेवाएं शुरू की हैं, जो 120 फेरे लेंगे, जबकि दक्षिण पूर्वी रेलवे 28 सेवाएं चलाएगा, जिनके 107 फेरे तय किए गए हैं। दिलनशी आरजू की रिपोर्ट के साथ समाचर कक्ष से फरहत नाज।

****

मौसम विभाग ने इस सप्ताह प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक के क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस अवधि में न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी।

****